नम्बर व अहकाम की तामील में

कार्यालय उपखण्ड अधिकारी, देवली (टोंक)

निर्णय दिनांक :— 23/6/2021

मिसल संख्या — 144 / 2021

उनवानी प्रार्थना पत्र —

1. रामेश्वर पुत्र नेहनू जाति खाती निवासी डाबरकलां हाल निवासी घोसी मोहल्ला देवली तहसील देवली जिला टोंक राज0

—प्रार्थी पक्ष

बनाम

तहसीलदार देवली जिला टोंक राज0

—अप्रार्थी पक्ष

प्रार्थना पत्र पत्थरगढी बाबत् अन्तर्गत धारा 128 लेण्ड रेवेन्यू एक्ट

आदेश

पत्रावली वास्ते निर्णय पेश हुई। प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया, अधिवक्ता प्रार्थी को सुना गया। तहसीलदार देवली की रिपोर्ट अनुसार आराजी खाता संख्या 404 खसरा नम्बर 2544 / 763 रकबा 0.72 है0, खसरा नम्बर 2545 / 764 रकबा 0.28 है0, खसरा नम्बर 2546 / 1835 रकबा 0.26 है0 वाके ग्राम डाबरकलां तहसील देवली जिला टोंक प्रार्थी पक्ष की खातेदारी व कब्जेकाश्त की आराजी भूमि है। उक्त भूमि पर किसी न्यायालय का स्थगन आदेश नही है।

अतः जमाबंदी संवत् **2071—74** में अंकित आराजी खाता संख्या 404 खसरा नम्बर 2544 / 763 रकबा 0.72 है0, खसरा नम्बर 2545 / 764 रकबा 0.28 है0, खसरा नम्बर 2546 / 1835 रकबा 0.26 है0 वाके ग्राम डाबरकलां की विधिवत् पत्थरगढी की जाने हेतु तहसीलदार देवली को एतद्द्वारा आदेशित किया जाता है कि प्रार्थी से पत्थरगढी कॉस्ट राशि नियमानुसार सीमाज्ञान शुल्क जमाकर उक्तानुसार पालना की जावे।

उपखण्ड अधिकारी
देवली